तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 12.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




महाराणा प्रताप चौक पर लेफ्ट साइड में ठेले खड़े होने के कारण ट्रैफिक जाम


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


**खबर संक्षेप**

### पेंशनर्स एसोसिएशन का सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर 17 दिसंबर को कर्मचारी भवन में वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। बिलासपुर संभाग के कमिश्नर सुनील कुमार जैन इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता छत्तीसगढ़ अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पी आर यादव करेंगे। दोपहर 12 बजे से आयोजित पेंशनर दिवस के अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा तथा वरिष्ठ नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के संबंध में विधि विशेषज्ञों के द्वारा जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने दी।

### मरम्मत-संधारण के तहत निगम को मिले 1.94 करोड़

**बिलासपुर।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आपात निधि के अंतर्गत मरम्मत एवं संधारण कार्यों के लिए राशि जारी कर दी है। इस मद में पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों के लिए कुल 22 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इसमें से बिलासपुर नगर निगम को 1 करोड़ 94 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि से नगर निगम द्वारा शहर में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मरम्मत और संधारण कार्य कराए जाएंगे। यह राशि प्रति व्यक्ति 150 रुपए के हिसाब से नगरीय निकायों को दी जाती है। जारी की गई राशि जुलाई, अगस्त और सितंबर माह की है।

### कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आज नहीं होगा

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 17 दिसम्बर को केंद्र सरकार के विरोध में आयोजित प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। ऋषि पाण्डेय ने बताया कि यह प्रदशर्न अगली तिथि में किया जाएगा।

# कोपरा जलाशय में खुलेआम मार रहे मछली, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर



मछली पालन की लीज अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी कोपरा जलाशय में उपद्रवी तत्वों द्वारा मछली मारने का काम जारी है। जलाशय में एक साथ कई नाव का प्रवेश होते देखा जा सकता है। राज्य शासन द्वारा हाल ही में जलाशय को रामसर घोषित किया गया है। जलाशय में अनाधिकृत प्रवेश कर उपद्रवी तत्वों द्वारा प्रवासी पक्षियों का शिकार करने की भी पूरी आशंका है।

कोपरा जलाशय में प्रवासी पक्षियों का बसेरा सालों पहले से रहा है। प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति से जलाशय की खूबसूरती में कई गुना बढ़ोतरी हो जाती है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कोपरा जलाशय को रामसर घोषित किया गया है। जलाशय को स्च सहायता समूहों के माध्यम से मत्स्य पालन कर आजीविका चलाने के उद्देश्य से लीज पर दिया गया था। लीज की दस साल की अवधि फिलहाल समाप्त हो चुकी है। ऐसे में जलाशय में मछली मारने या अनाधिकृत प्रवेश समाप्त हो जाना चाहिए। इसके विपरीत आसपास के ग्रामीण नाव लेकर जलाशय में न केवल प्रवेश कर रहे हैं, बल्कि मछली मारने का काम भी बेखौफ जारी है।

उपद्रवी तत्वों द्वारा जलाशय में मछली मारने के दौरान प्रवासी पक्षियों का शिकार करने की भी संभावना है, लेकिन इन पर किसी का नियंत्रण नहीं है। सिंचाई विभाग के अनुसार जलाशय तो विभाग का है, लेकिन यहां मछली पालन के लिए लीज जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया है। ऐसे में लीज की अवधि वर्तमान में भी जारी रहने या समाप्त हो जाने की कोई जानकारी नहीं है। यही कारण है कि आसपास के ग्रामीणों को जलाशय में अनाधिकृत प्रवेश व अनैतिक कार्य करने को बल मिल रहा है।

### चौकसी का दिया जाएगा निर्देश

जलाशय में मछली पालन की लीज समाप्त हो गई है इस बात की जानकारी नहीं है। इसका नियंत्रण जिला पंचायत के पास है। लीज समाप्त होने के बाद भी इस तरह की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने व चौकसी के लिए चौकीदारों को निर्देशित कर दिया जाएगा।

- **बीएम चौहान,** एसडीओ जल संसाधन विभाग

### वन विभाग के पास नहीं है अधिकार

कोपरा जलाशय में मछली मारने की शिकायत पर टीम गई थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। अब तक जलाशय की जिम्मेदारी वन विभाग को नहीं मिली है। यह अब तक जल संसाधन विभाग के पास है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद डेवलपमेंट कार्य शुरु किया जाएगा। वर्तमान में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

- **अनिमेश सिंह,** रेंजर तखतपुर रेंज

रतनपुर दर्रीपारा के पास दुर्घटना : बिहार से रायपुर जा रही थी बस

# खड़े ट्रेलर से टकराई बस, 16 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

रतनपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे पर दर्री पारा के पास मंगलवार की सुबह 5.30 बजे बिहार से रायपुर जा रही एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस टक्कर में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, इनमें से 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ 12 की हालत गंभीर

पुलिस के अनुसार रतनपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर दर्री पारा के पास मंगलवार की सुबह करीब 5:30 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। बिहार से रायपुर जा रही रॉयल बस क्रमांक सीजी 6 जीवाई 8153 ने सड़क किनारे खराब हालत में ब्रेकडाउन की स्थिति में खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एडब्ल्यू 3236 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 12 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 12 यात्रियों को बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल रेफर किया गया। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बस ड्राइवर के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं।



### बिलासपुर रेफर

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 4 यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

### घायलों के नाम

राकेश सिंह औरंगाबाद, सुरेंद्र बिहार, मंजय राम बिहार, कलामुद्दीन बिहार, सलोनी सिंह पटवा, सुनीता सिंह पटवा, दीपक बलिया, सनोज रायपुर, राजेश्वर बिहार, साझा रायपुर, फिरोज रायपुर, जुलेखा रायपुर, चिंता कुमार, असरफी बिहार, धर्मेंद्र बिहार, अंकित बिहार, जितन कुमार बिहार शामिल हैं।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। थाना प्रभारी स्वयं घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक से टकराई बाइक, शिक्षक व पुत्र की मौत

**मरवाही।** घने कोहरे की वजह से ट्रक से टकरा कर बाइक सवार शिक्षक एवं उनके पुत्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह चिचगोहना निवासी शिक्षक बक्शी दास अपने पुत्र अंकित रैदास को कॉलेज जाने के लिए बस में बैठाने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनका पुत्र अंकित पेंड्रा डीएड कॉलेज का विद्यार्थी था। चूंकि बस मरवाही से छूट चुकी थी, इसलिए वे बस पकड़ने के लिए आगे की ओर जा रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था इस कारण वे विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक को देख नहीं सके एवं ट्रक से जा टकराए। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि, बाइक चला रहे बख्सीदास की घटना स्थल पर पही मौत हो गई एवं उनका पुत्र अंकित दास गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अंकित को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही लाया गया, जहां से उसे जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। अंकित की स्थित देखते हुए परिजन उसे लेकर अपोलो हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक शिक्षक बख्सीदास का अंतिम संस्कार कर दिया गया, वहीं अंकित का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। पिता-पुत्र की एक साथ मौत होने से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस हादसे से पूरे शिक्षक वर्ग में शोक व्याप्त हो गया, वहीं ग्रामीणों की भीड़ मृतक के घर पर लगी रही।



मृतक

■ कोहरे के कारण नहीं दिखा विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक

## जीएसटी की कार्रवाई, 3 बड़े कारोबारियों ने साढ़े 27 करोड़ रुपए सरेंडर किए

**बिलासपुर।** कोल व्यापारियों पर जीएसटी की टीम ने लगातार कार्रवाई की है। टैक्स चोरी के मामले में शहर के तीन बड़े कोयला कारोबारियों के 11 से अधिक ठिकानों की जांच की गई और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इसके बाद तीन बड़े कारोबारियों ने साढ़े 27 करोड़ रुपए सरेंडर किया है।

■ जब्त दस्तावेजों की जांच जारी

गौरतलब है कि कोयला व्यापारियों द्वारा टैक्स चोरी के मामले में जीएसटी की टीम लगातार नजर रखे हुए थी। इस दौरान कोल वाशरी और व्यापारियों के दफ्तरों समेत कुल पांच जगहों पर कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान सुबह से लेकर देर रात तक टीम में शामिल अफसरों ने एक साथ कोल कंपनी के लेन-देन और इनकम रिकॉर्ड की जांच की। पता चला है कि शहर के बड़े कोल कारोबारियों पर पिछले लंबे समय से जीएसटी की टीम निगरानी कर रही थी। कारोबार से होने वाले आय की तुलना में उनका टैक्स कम मिलने के बाद जीएसटी मुख्यालय की टीम ने कारोबारियों के घर में छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक टीम के सदस्यों को कंपनी के रिकार्ड में कई खामियों के साथ ही टैक्स चोरी मिली।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।**


# किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता में : रजनीश

**बिलासपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश सिंह चार दिनों के भीतर कार्यभार सम्हालेंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक की स्थापना मूलतः किसान हित को ध्यान में रखकर ही की गई है। ऐसे में किसानों को खाद, बीज, केसीसी ऋण, समर्थन मूल्य पर धान विक्रय एवं विक्रय पश्चात भुगतान प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेंगे।



■ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश सिंह ने कहा

■ चार दिनों के भीतर लेंगे चार्ज

बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह को शासन द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विगत डेढ़ वर्ष से यह पद रिक्त था, जिसे प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल सम्हाल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि तीन से चार दिनों के भीतर वे बैंक अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। उन्होंने किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करने की बात कही। खाद, बीज, केसीसी लोन, धान विक्रय एवं विक्रय के पश्चात किसानों को भुगतान प्राप्त करने में किसी तरह की कोई समस्या न हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने किसानों के लिए बेस्ट करने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि विगत वर्षों में बैंक लाभ की स्थिति में आया है। इस बात का पूरा प्रयास रहेगा कि बैंक लाभ की दिशा में ही अनवरत आगे बढ़ता रहे।

### बैंक पर वापस लाएंगे किसानों का भरोसा

विगत कुछ वर्षों में बैंक में गबन के कुछ मामले सामने आए हैं, जिसमें खाताधारकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। इससे बैंक पर लोगों का भरोसा कुछ कम होने के संबंध में श्री सिंह ने कहा कि किसानों के बीच सहकारी बैंक का भरोसा वापस लाया जाएगा। किसानों को इस बात का भरोसा दिलाया जाएगा कि उनकी बचाई गई पूंजी सहकारी बैंक में पूरी तरह सुरक्षित है।


**सुमीत बाजार** में **आज पेपर कटिंग लाने पर**



बाजार मूल्य ₹ ~~299~~ प्रति पीस वाले

लेडिस **जेगिंग्स**

प्लेन एवं प्रिंटेड

**2 पीस ₹99** में 2 पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

*condition apply


शेषराज हरबंश
विधायक, पामगढ़
चांदनी भारद्वाज
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
छाया सागर बंजारे
सामाजिक कार्यकर्ता
सीमा धृतेश
पूर्व पार्षद
मधुबाला टंडन
पार्षद वार्ड क्र. 21
शुष्मा देशलहरे
डॉ. गणेशी कुर्रे
जमुनावती बंजारा
इक्की भास्कर
सुभद्रा भारद्वाज
कुसुम भारद्वाज
रंजीता कोशले
रंजीता खांडेकर
कलावती दिवाकर
जयंत मनहर
सतनाम स्वाभिमान यात्रा में हार्दिक अभिनंदन है...
दिनांक : 17 दिसंबर 2025, समय : 11 बजे से
स्थान : गुरूद्वारा सतनाम भवन, महंतबाड़ा जरहाभाठा से प्रारंभ
पिन्दू खांडे
विक्रम जांगडे
विनय कौशल
योगेश मनहर
राज बंजारे
आशीष टंडन
मनोज बंजारा
प्रकाश बंजारे
सतीष डहरिया
बूटान भाई
विनोद बंजारा
आशुतोष जानी
अंकित पात्रे
अमन दिवाकर
अमित कुर्रे
आदित्य जोशी
मो. 8839483077
जितेन्द्र बंजारा अधिवक्ता
संस्थापक
सतनाम स्वाभिमान यात्रा
बाबा पात्रे
डायरेक्टर
श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
सनत दिव्य
संस्थापक दिव्य मेट्रीमोनी
सागर बंजारे
जिला अध्यक्ष
सतनामी समाज बिलासपुर

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## बच्चे बनें अनुशासित व चरित्रवान सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर नगोई में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अभ्यागत प्रतिभा शास्त्री बैमा ने कुटुंब प्रबोधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे अनुशासित और चरित्रवान बनें। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सही जवाब देने वालों को पुरस्कार दिया गया। विशिष्ट अतिथि दिव्या चंदेल कोषाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छ.ग ने नारी शक्ति के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान ने सभी महिलाओं को सप्त गुण दिया है। जिससे सभी महिलाएं अपने जीवन में साध्य कर संयुक्त परिवार को आगे बढ़ा सकती हैं। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, करुणा, ममता, समर्पण, त्याग का स्वरुप माना गया है। मुख्य अतिथि प्रतिभा शास्त्री ने कुटुंब प्रबोधन के लाभ, मजबूत पारिवार, संस्कार, सामाजिक समरसता, चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति समर्पण को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि इससे एक सामंजस्य पूर्ण समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है।

कार्यक्रम

## लायंस क्लब स्माइल की संयुक्त अधिकारी यात्रा



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के अंतर्गत लायंस क्लब स्माइल की संयुक्त अधिकारी यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष रीता राजगीर के नेतृत्व में की गई। कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू द्वारा ध्वज वंदन किया गया, गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने लायंस क्लब स्माइल की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि कम सदस्यों वाला यह क्लब बड़े क्लबों की तुलना में अधिक सक्रिय एवं प्रभावी सेवा कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन पुरी, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप भंडारी, रीजन चेयरपर्सन (रीजन-4) बी महेश, जोन चेयरपर्सन डॉ आराधना दास, जीएलटी कोऑर्डिनेटर एमजेएफ आशीष अग्रवाल, एवं रीजन सचिव अर्चना तिवारी मोहन छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भ्रमण

## अयोध्या से रामेश्वरम तक की यात्रा कर रहे देवेश



**बिलासपुर।** अयोध्या से रामेश्वरम की यात्रा मोटरसाइकिल से करने वाले लखनऊ निवासी पं देवेश शुक्ल बिलासपुर प्रवास पर समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच द्वारा उसलापुर राजघराना कालोनी स्थित मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पं आदित्य त्रिपाठी के निवास पर अभिनंदन किया गया एवं आगामी यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि 32 वर्ष के युवा श्री राम भक्त पं देवेश शुक्ल अकेले ही कुल 15 हजार किलोमीटर की यात्रा करेंगे वे श्री राम गमनपथ से होते हुए श्री रामेश्वरम पहुंचेंगे। इस यात्रा में वे कुल 249 स्थान पर मंदिर एवं आश्रमों में रात्रि विश्राम करेंगे। इस अवसर पर मंच के अनूप पांडेय, बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत दीक्षित, कमलेश मिश्र, भूषण प्रसाद पांडेय,सुरेन्द्र तिवारी, सिद्धांत दुबे सहित मंच के सदस्य शामिल रहें।

कार्यशाला

## सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने दो दिवसीय सेफ्टी कैप्सूल कार्यक्रम

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से दो दिवसीय सेफ्टी कैप्सूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा विभागीय कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली, संभावित जोखिमों की पहचान तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं उचित प्रतिक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित करना था। प्रथम दिवस में कार्यस्थल सुरक्षा के मूल सिद्धांत, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग, अग्नि सुरक्षा तथा प्राथमिक उपचार से विषयों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों को ऑडियो–विजुअल प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

# रास लीला में मीरा की गिरधर गोपाल भक्ति का मंचन

**श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल छत्तीसगढ़ के तृतीय वार्षिकोत्सव पर श्री राधा सखी परिकर बिलासपुर ने एएस फन सिरगिट्टी में चल रहे श्री राधा-कृष्ण लीला महोत्सव में दूसरे दिन सोमवार को लीला के माध्यम से मीरा की कृष्ण भक्ति पर प्रकाश डाला गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर किया गया। इसके बाद रासाचार्य स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज श्रीधाम वृंदावन ने श्रीकृष्ण रास लीला मंचन के समय कहा कि परिवार, एश्वर्य के पिछे न भाग कर ठाकुरजी के पिछे भागने से भगवान सहायता करते हैं। धर्म को मानने वाले ठाकुरजी के चरणों में रहते हैं। मीरा राजघराने में पली बढ़ी थी पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति कर उसे पाया। सभी में मीरा का भाव आए इसलिए मीरा-कृष्ण प्रसंग की लीला का आज मंचन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले ठाकुरजी को अवश्य भोग लगा कर खाएं। अंत में आरती की गई।

राधा-कृष्ण लीला महोत्सव का आनंद लेने उमड़ रही भीड़





### भजनों में लीन रही मीरा

लीला में बताया गया कि राजस्थान में श्यामा गोपी का जन्म मीरा के रूप में हुआ। जन्म के बाद से ही वह गिरधर गोपाल की भक्ति में लीन रहने लगी। यह सब देख कर उनकी मां सहित पूरे महल के लोग चिंतित रहने लगे। फिर मीरा की चित्तौड़गढ के राजा भोज से विवाह हो गया। मीरा अपने साथ गिरधर गोपाल को लेकर ससुराल पहुंची और ससुराल वालों के विरोध के बाद भी भजन-सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है.., मेरी तो प्रेम दीवानी दर्द न जाने.., मेरो तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई..का दिन भर गान करती रही। इससे परेशान होकर मीरा को मारने कई तरह के हथकंडे अपनाए गए पर उसे कुछ नहीं हुआ और हर बार गिरधर गोपाल उनकी रक्षा करते रहे। अंत में उन्हें मिले भी। कहा जाता है न भक्ति में बहुत शक्ति होती है। इसे मीरा ने साबित कर दिखाया।

### श्यामा गोपी अगले जन्म में थी मीरा

लीला में मीरा की पूर्व जन्म की कथा का भी मंचन किया गया। इसमें बताया गया कि पूर्व जन्म में मीरा श्यामा गोपी थी। जिसे माधवी गोपी के नाम से भी जाना जाता था। एक बार वह नंद गांव आई थी। गांव आने से पहले अपनी मां द्वारा दी गई सीख के चलते भगवान कृष्ण के कहने पर भी उन्हें अपना मुंह नहीं दिखाई थी। इससे नाराज भगवान कृष्ण ने उन्हें कहा था कि जिस तरह आज वह उनका मुंह देखने तरस रहा है वैसे ही वही भी मेरा मुंह देखने तरस जाएगी। बाद में भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा करने की बात श्यामा गोपी ने सुनी को मुंह दिखाने की बात को लेकर अफसोस करने लगी और गिरधर को देखने बहुत प्रयास की पर बात नहीं बनी। गिरधर ने उसे अगले जन्म में मिलने की बात कहकर चले गए। गोपी ने अगले जन्म में प्रतीक्षा करने की बात कह कर अपने प्राण त्याग दी।



### ऊंगली में गोवर्धन पर्वत उठा कर की रक्षा

लीला में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भगवान इंद्र के निरंतर बारिश करने पर गोवर्धन पर्वत को ऊंगली में उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा करने वाले प्रसंग को बड़े रोचक ढंग से दर्शाया गया। बताया गया कि ठाकुरजी ब्रजवासियों को लेकर गोवर्धन पर्वत की ओर जाने लगे। गीत-मैं तो गोवर्धन को जावे रे.., तीनों लोक में न्यारी है गोवर्धन महराज..की धुन के बीच ब्रजवासियों ने ठाकुरजी की फूलों से स्वागत करते हुए ले गए। फिर उन्हें 56 भोग लगाए गए। इस बात की खबर इंद्र को लगने पर वे बहुत क्रोधित हुए। कहने लगे ब्रजवासी मेरी पूजा न कर मेरा भोग नहीं लगाए और बारिश शुरू कर दी। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरे सात दिनों तक पर्वत को ऊंगली में उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा की। इंद्र के सेवकों ने बताया कि एक वर्ष का चमत्कारिक बालक है जो कि ब्रजवासियों की रक्षा कर रहा है।

# युवाओं ने कला-संस्कृति में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन इंडोर स्टेडियम, बहतराई में सम्पन्न हुआ। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में मंच प्रदान के उदेश्य से इस महोत्सव में जिलेभर से लगभग 300 प्रतिभागी द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बिलासा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य एस आर कमलेश के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से ए एक्का सहायक संचालक, सुशील अमलेश खेल अधिकारी, कुलदीप सिंह बरार, एचपीएम, खेलों इंडिया, सुशील गौरहा, क्रीड़ा अधिकारी, हरगुलशन सिंह, राकेश टोप्पो, दिल कुमार राठौर, वरिष्ठ प्रशिक्षक, दीपिका कर, अंजनी पटेल एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।





### इन प्रतिभागियों ने जीते इनाम

महोत्सव में चित्रकला में प्रथम हर्ष रजक, द्वितीय देवव्रत देवांगन, तृतीय रिचा कश्यप,वाद-विवाद में प्रथम अम्बुज कुमार द्विवेदी, द्वितीय मोनिश सिंह, तृतीय अजय कुमार बंजारे,कविता लेखन प्रथम निधि तिवारी, द्वितीय बबीता पटेल, तृतीय मानसी तिवारी,कहानी लेखन में प्रथम देवेन्द्र कुमार, द्वितीय श्रुति साहू, तृतीय - दीपांजली अहिरवार,साईंस मेला प्रथम राजकुमार प्रधान, द्वितीय अजय सिंह एवं सांभवी, तृतीय - आदित्य दास एवं जेवेल सहित इसी तरह विभिन्न प्रतिभाओं में अन्य प्रतिभागियों ने जगह बनाई।



## सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के 1992–93 बैच के छात्रों का गोल्डन रियूनियन

**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के 1992–93 बैच के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपनी 50वीं वर्षगांठ गोल्डेन रियूनियन के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं भावनात्मक मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शहर के साथ-साथ मुंबई, पुणे, रायपुर, बैंगलोर सहित भारत के विभिन्न शहरों से पूर्व विद्यार्थी उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। कार्यक्रम में कुल 37 पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से मनीष खरे, प्रशांत पाण्डेय, निधि जुनेजा, जितेंद्र श्रीवास्तव, मंजू पाण्डेय, गिरीश कुर्रे, विक्रम बाकरे, डॉ नितिन जुनेजा, विनीत चौहान प्रफुल्ल पाण्डेय, भावना नारंग, स्वाति निर्गुड़कर, राहुल पसारकर , सुधांशु दासे सहित अन्य साथी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अपने बीच अब नहीं रहे प्रिय साथियों सीमा सिंह, प्रतिमा देवांगन, वीणा शुक्ला, राजेंद्र सोनी, रवि चंद्राकर, शशांक जोशी, अरविंद उपाध्याय, व्ही. शतीश राव, अमित गजभिए एवं धीरज सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

इसके पश्चात सभी साथियों ने अपना परिचय दिया तथा विद्यालयीन जीवन की स्मृतियाँ, रोचक प्रसंग एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में लकी गेम, जलेबी दौड़, पिट्ठूल, बैलून फोड़ो, जोड़ी बनाओ जैसे पारंपरिक एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास एवं बालसुलभ आनंद से भर गया। साथ ही नृत्य, संगीत और मस्ती ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। सभी साथी पुरानी यादों की मिठास, नए संकल्पों और फिर मिलने के वादे के साथ भावनात्मक विदाई लेकर लौटे। यह गोल्डन रियूनियन न केवल मित्रता और अपनत्व का उत्सव रहा, बल्कि जीवन भर की स्मृतियों को पुनः जीवंत करने वाला एक अविस्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।

स्पोर्टर्स न्यूज

# विद्यार्थियों ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह व खेल भावना के साथ भाग लिया एवं अपनी खेल प्रतिभा का आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के खेल शिक्षक देवेंद्र सन्नाड ने किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, सुई-धागा दौड़, कुर्सी दौड़, सीधी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, चॉकलेट दौड़, मेंढ़क दौड़, रस्सी कूद सहित विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ ही अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजन में खेल शिक्षक सहित अन्य सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

### ये रहे विजेता

सीधी दौड़ नर्सरी से केजी-1 में प्रथम स्थान अभिनय यादव, द्वितीय निशांत साहू, तृतीय अनिकेत यादव, चॉकलेट रेस नर्सरी से केजी-1 में प्रथम अभिनय यादव, द्वितीय निशांत साहू, तृतीय अनिकेत यादव, केजी-2 से कक्षा 1 वर्ग की मेंढक दौड़ में प्रथम सैयद आरिज, द्वितीय शिवम शर्मा, तृतीय दिव्यांशु केंवट, बैलून रेस में प्रथम सैयद आरिज, द्वितीय शिवम शर्मा, तृतीय रोहन गोंड़, कक्षा दूसरी से पांचवीं की चॉकलेट रेस में प्रथम लक्ष्य कुमार साहू, द्वितीय शुभम गेंदले, तृतीय जय यादव, रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम ऋचा यादव, द्वितीय जय यादव, तृतीय प्रज्ञा यादव, कक्षा छठवीं से आठवीं की लेमन रेस में प्रथम ईशान मरावी, द्वितीय सिद्धि कोरी, तृतीय गीतेश्वर साहू, कुर्सी दौड़ में प्रथम ईशान मरावी, द्वितीय आयुष कुमार आंचल, तृतीय सारोन मानतरे, कक्षा नवमीं से बारहवीं की लेमन रेस में प्रथम मुनाव तिवारी, द्वितीय दिव्या यादव, तृतीय वंशिका यादव रही।

## रेलवे फुटबॉल टीम के कोचिंग व चयन शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल द्वारा संतोष ट्रॉफी की तैयारी के अंतर्गत भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम हेतु आयोजित कोचिंग व चयन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर के सफल संचालन में नागपुर मंडल खेलकूद संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर के समापन पर भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम के कोचों एवं संपूर्ण कोचिंग स्टाफ द्वारा नागपुर मंडल द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्कृष्ट सुविधाओं एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कोचिंग स्टाफ ने अपने संदेश में कहा कि खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के आवास, भोजन, प्रशिक्षण मैदान, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक प्रबंध अत्यंत संतोषजनक रहे। यह सभी व्यवस्थाएं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नागपुर, श्री दिलीप सिंह के मार्गदर्शन एवं विशेष रुचि से सुनिश्चित की गईं। उनके निरंतर प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों के कल्याण पर दिए गए ध्यान से शिविर का संचालन अत्यंत सहज एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।



कोचों द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि नागपुर मंडल खेलों के प्रोत्साहन एवं विकास के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। मंडल खेलकूद संघ के समन्वय एवं सहयोग से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्राप्त हुईं, जिससे टीम की संतोष ट्रॉफी की तैयारियों को महत्वपूर्ण बल मिला।

## खबर संक्षेप

### बांस की झाड़ियों में आग लगने से मचा हड़कंप



लोरमी। कोटा मुख्य मार्ग बड़ी पुल के नीचे बड़े बांस की झाड़ियों में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। तेज लपटों के कारण बांस के फटने से पटाखे जैसी आवाज आ रही थी, जिससे आवागमन कुछ देर के लिए बाधित रहा। इस दौरान बांस के ऊपर से गुजरने वाली 11 केवी विद्युत तार आग लपटों की भेंट चढ़कर कर गिर गई, जिससे अफरा तफरी मच गई। यातायात बाधित देखकर पुलिस कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे एवं भीड़ को हटाया गया। इस दौरान तीन घंटे तक शहर विभिन्न हिस्सों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही।

### विनय बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री



लोरमी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहू प्रदेश अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें लोरमी विस से वरिष्ठ नेता विनय साहू को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। विनय साहू की पार्टी की गतिविधियों में लगातार सक्रिय सहभागिता रही, साथ ही उन्होंने पूर्व में पार्टी के विभिन्न संगठनात्मक पदों पर कार्य किया। रामहेतु निवासी महाजन जायसवाल को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर विनय साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक साहू एवं प्रदेश व जिला के सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार किया है।

### विद्या को वाणिज्य संकाय में पीएचडी की उपाधि



सरगांव। उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नगर पंचायत सरगांव की एक और बेटी ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। वार्ड क्रमांक 9 की निवासी विद्या साहू को भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह उपलब्धि उन्हें वर्ष 2025 में वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रदान की गई। विद्या साहू का शोध कार्य कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी जैसे समसामयिक और महत्वपूर्ण विषय पर आधारित रहा। उनका शोध प्रबंध दक्षिण-पूर्व कोलफील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर के विशेष संदर्भ में 'कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का विश्लेषणात्मक अध्ययन' पर केंद्रित रहा, जिसे शैक्षणिक जगत में गंभीर और उपयोगी अध्ययन माना गया है।

### धान खरीदी लिमिट बढ़ाने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



सीपत। जिले की प्रमुख और बड़ी धान मंडियों में शामिल सीपत धान मंडी में धान खरीदी की सीमा कम किए जाने से क्षेत्र के किसानों में भारी चिंता का माहौल बन गया है। जहां पूर्व वर्षों में प्रतिदिन 2 हजार क्विंटल तक धान की खरीदी की जाती थी, वहीं इस वर्ष इसे घटाकर मात्र 1 हजार क्विंटल प्रतिदिन कर दिया गया है। मामले को लेकर सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने मंगलवार को तहसीलदार सोनू अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और तत्काल धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की। मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि, सीपत धान मंडी क्षेत्र की बड़ी मंडी है, और यहां किसानों की संख्या भी अधिक है। प्रतिदिन केवल 1 हजार क्विंटल धान खरीदी से किसानों की धान नहीं बिक पाएगी। तहसीलदार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किसानों और जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया।

## एकांकी विधा में राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

# जिला स्तरीय युवा उत्सव में शुक्ल कॉलेज को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



शासकीय महाविद्यालय मदनलाल शुक्ल, सीपत ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकांकी विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सामाजिक सरोकारों पर आधारित इस प्रभावशाली प्रस्तुति ने निर्णायकों के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह को भी गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के प्रभारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने बताया कि एकांकी नाटक में वर्तमान सामाजिक व्यवहार, शराब व्यसन, यातायात जागरूकता, रूढ़िवादी सोच एवं दहेज प्रथा जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं को सशक्त संदेश के साथ मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस एकांकी में 12 स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई। मिथिलेश ने पुलिस की भूमिका, इसरार अली ने दूल्हा, लक्ष्मी धीवर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नरेंद्र पंडित, विकास कोटवार, सुबीर, मोनिका, सत्यवान, दीप्ति, काजल, खुशबू, प्रिया साहू एवं लक्ष्मी ने नाटक को जीवंत बना दिया। नाटक की मुख्य भूमिका प्रशांत यादव ने प्रभावशाली ढंग से निभाई। एकांकी का लेखन एवं निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बिलासा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश, गेड़ी नृत्य के ख्यातिप्राप्त अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनिल गढ़वाल तथा रंगकर्मी गिरीश कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही राज्य स्तरीय युवा प्रतियोगिता के लिए सीपत कॉलेज का चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई है।

# खुले आसमान में अद्भुत खगोलीय घटना देखने राजमेरगढ़ पहुंचे प्रतिभागी, देखे शानदार नजारे



स्टार गेजिंग एडवेंचर, प्रतिभागियों ने खगोलीय पिंडों का किया अवलोकन

पेंड्रा। जिला प्रशासन और बनमनई ईको केअर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यटन स्थल राजमेरगढ़ में शनिवार को स्टार गेजिंग एडवेंचर का आयोजन किया गया। यह आयोजन खगोल विज्ञान और प्रकृति अन्वेषण का एक अद्भुत संगम रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने जेमिनिड्स मीटियोर शॉवर के शानदार नजारों का दीदार किया।

मार्गदर्शन विशेषज्ञ एवं एमेच्योर एस्ट्रोफोटोग्राफर देवल सिंह बघेल ने वैज्ञानिक व्याख्या देकर प्रतिभागियों को इस आकशीय घटना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि, जैमिनीड्स उस विशेष उल्का समूह का नाम है, जो जेमिनी नक्षत्र की दिशा से आता हुआ दिखाई देता है। यह उल्कवृष्टि पूरे वर्ष भर में होने वाले अनेक उल्का वृष्टि में सर्वाधिक सघन और आकर्षक मानी जाती है। उन्होंने बताया कि, जैमिनी कांस्टेलेशन की सीध में सौरमंडल में विद्यमान एस्टेरॉयड बेल्ट में स्थित रॉक कॉमेट '3200 पायथन' के टुकड़े इस दौरान पृथ्वी की सीध में आने के कारण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, और घर्षण के कारण जल उठते हैं, जिससे टूटते हुए तारे की अविस्मरणीय अनुभूति प्राप्त होती है।

इस मौके पर प्रतिभागियों ने कड़कड़ाती ठंड में अलाव की आंच का लुत्फ लेते हुए रात भर में लगभग 100 से अधिक उल्कापिंड देखे, जो कि बहुत ही आकर्षक रहा। इसके साथ ही अत्याधुनिक टेलीस्कोप के माध्यम से बृहस्पति और उसके चंद्रमा, शनि के छल्ले, ओरियन, प्लेयडीज सहित प्रमुख नक्षत्र जैसे नेबुला, तारा समूह, एंड्रोमेडा गैलेक्सी और अन्य खगोलीय पिंडों का अवलोकन भी किया गया। देवल सिंह बघेल ने अत्यंत रोचक और सरल भाषा में नक्षत्रों की पहचान, तारों की संरचना, तापमान और आयु, ग्रहों की कक्षाएं और गति, ध्रुवतारा से दिशा निर्धारण, आकाशगंगा की संरचना के बारे में विस्तार से बताया। पर्यावरणविद संजय पयासी ने मैकल पर्वतमाला की जैव विविधताओं और संरक्षण पर जानकारी दी। प्रतिभागियों को खगोल विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान को एक साथ जानने का अवसर मिला।

## साल की अंतिम लोक अदालत में 17 हजार प्रकरणों का निराकरण

मुंगेली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के तत्वावधान में वर्ष 2025 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 16 हजार 945 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 1 करोड़ 29 लाख 12 हजार 299 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। जिला न्यायालय मुंगेली में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10.45 बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं पक्षकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोक अदालत के अंतर्गत जिला न्यायालय में 5 खंडपीठ, तहसील न्यायालय लोरमी में 1 खंडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में 8 खंडपीठों का गठन किया गया। न्यायालयों में लंबित 1 हजार 915 प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन के 19 हजार 766 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया। इनमें से लंबित 1 हजार 675 प्रकरणों का निराकरण कर 82 लाख 47 हजार 242 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई, वहीं प्री-लिटिगेशन के 15 हजार 270 प्रकरणों का समाधान करते हुए 46 लाख 65 हजार 57 रुपये अवार्ड राशि पारित की गई। लोक अदालत के दौरान परिवार न्यायालय के प्रकरणों में आपसी समझाइश के माध्यम से पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों का समाधान किया गया।

## परसापानी में लगा आधारशिला स्कूल का शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई आधारशिला विद्या मंदिर की ओर से ग्राम पंचायत परसापानी में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक चर्चा एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। बौद्धिक चर्चा की मुख्य अतिथि रासेयो एयू सदस्य रेखा गुल्ला रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएम गुल्ला उपाध्यक्ष सक्षम एवं धनेश रजक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जागृति खर्डेनवीस, एनएसएस सहायिका अपूर्वा तिवारी तथा शिक्षक तेजश्वर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका वैष्णवी धीवर ने किया।

## बीआरसीसी ने किया भटगांव संकुल की स्कूलों की निरीक्षण



मुंगेली। संकुल केंद्र भटगांव के विभिन्न विद्यालयों का बीआरसीसी अशोक यादव ने निरीक्षण किया। बीआरसीसी अशोक यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल भटगांव का निरीक्षण किया। हाईस्कूल में उन्होंने कक्षा 10 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन कार्य एवं बच्चों की पढ़ाई के सम्बन्ध के बारे में जानकारी ली। इसके साथ उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूल निरीक्षण के दौरान कक्षा 7वी में गणित की संक्रियाओ के बारे में पढ़ाया। कक्षा 6वीं में उन्होंने हिन्दी विषय में मेला विषय के निबंध पर विद्यार्थियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त किया एवं विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

## निधन

### अरविंद यादव



बिलासपुर। ग्राम डगनिया निवासी अरविंद यादव का 14 दिसंबर को निधन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डगनिया में किया गया। वे स्व. रामनिवास यादव के सुपुत्र रामभजन यादव के भतीजे थे।

### सहेत्तर लाल पटेल



बिलासपुर। आर्या कॉलोनी रोड तिफरा निवासी जिला पंचायत के रिटायर्ड कर्मचारी सहेत्तर लाल पटेल का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे तिफरा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे घासीराम पटेल के छोटे भाई थे।

### जुलियस दास



बिलासपुर। ओमनगर जरहाभाठा निवासी जुलियस दास सेवानिवृत्त एलआईसी कर्मी का 64 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से दोपहर 3.30 बजे प्रभु की वाटिका सिंधी कॉलोनी बलराम टॉकीज रोड के लिए निकलेगी। वे श्रद्धा दास के पति व श्रीजीत, सबजीत, संजीत दास के पिता थे।

## ट्रेड लाइसेंस के विरोध में चेम्बर के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



मुंगेली। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मुंगेली ईकाई की ओर से कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हाल ही में लागू किए गए ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई।

चेंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि, पहले से ही मंदी, ऑनलाइन कंपनियों और बड़े कॉर्पोरेट नेटवर्क के प्रभाव से स्थानीय बाजार लगभग 50 प्रतिशत तक सिकुड़ चुका है। किराना, मेडिकल, मनिहारी, इलेक्ट्रॉनिक और कपड़ा व्यापारी पहले से संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में नया ट्रेड लाइसेंस शुल्क उनकी स्थिति और कमजोर करेगा। चेंबर ने कहा कि, सरकार की लगातार बदलती नीतियों से व्यापारी असमंजस और असुरक्षा की स्थिति में हैं। पहले गुमास्ता व ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता समाप्त की गई थी, किंतु अब गुमटी से लेकर मॉल तक सभी के लिए लाइसेंस आवश्यक कर दिया गया है। व्यापारी पहले ही जीएसटी, आयकर, खाद्य सुरक्षा, ड्रग लाइसेंस, मंडी लाइसेंस और संपत्ति कर जैसी कई प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं।

## मसीही युवा वर्ग ने निकाली क्रिसमस रैली एवं झांकी



तखतपुर। मसीही युवा वर्ग समिति तखतपुर की ओर से क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया, जो शाम 6 बजे मिशन कम्पाउण्ड चर्च से प्रांरभ हुई। झांकी में यीशु मसीह के आदर्शों और संदेशों से संबंधित बातों का प्रदर्शन किया गया एवं गई तथा उनकी कही बातों का वर्णन किया गया।

झांकी में आसपास क्षेत्र भथरी, जरहागांव, मोतिमपुर, खपरी, शांतिपुर, बांधा, कोटा, बरेला, पेण्ड्रीडीह, अमोरा, नवापारा, केंवटाडीह, पथरिया के साथ-साथ तखतपुर के कलिशिया और मसीही जन शामिल हुए। झांकी महाराणा प्रताप चौक, संगम नगर, पुराना बस स्टैंड, बजरंग नगर, नया बस स्टैंड होते हुए वापस पहुंचीं। इस अवसर पर पास्टर सुजीत दास, पास्टर रविंद्र मसीह, पास्टर सत्यानंद लाल, पास्टर खुटे, पास्टर आशीष दयाल, पास्टर सुभाष लाल, याकिन दास, अंकित मसीह, आशीष सामुएल किशोर मसीह, मेंजी प्रसाद मनीष प्रसाद, प्रदीप स्कॉट, भूषण जॉन, अर्चना खांडे, संजना सिंह, श्रुति प्रसाद, श्वेता नन्हे, हैरिस लाल, सुभाष मसीह, विशाल मसीह, अनिकेत मसीह, अमन मसीह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 53 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई



लोरमी। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 53 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी भोजराम पटेल के कुशल निर्देशन में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय पुलिस ने रविवार को विशेष चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इस दौरान तीन सवारी, प्रेशर हॉर्न और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों पर 53 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि नाबालिगों को वाहन न दें, नियम ही जीवन की सुरक्षा है। यह विशेष अभियान आगे भी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रहेगा, ताकि लोरमी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## डीएवी गोढ़ी में वार्षिक खेलकूद समारोह



बिल्हा। डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, वॉलीबॉल, टग आफ वॉर इत्यादि खेल आयोजित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी अनुज कुमार रहे। साथ ही वंदना जेंड्रे नपं अध्यक्ष, भुवनेंद्र सिंह प्राचार्य कसडोल, विनय श्रीवास्तव प्राचार्य देवरीखुर्द, श्वेता श्रीवास्तव प्राचार्य वेदपरसदा, मनोज कौशिक पूर्व सेनानी, इंद्रजीत सिंह क्षत्री मंडल अध्यक्ष, नंदिनी क्षत्री पूर्व सरपंच, राजेंद्र पांडे सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने कहा कि, खेल अनुशासन, साहस और टीम भावना सिखाता हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पांडेय ने कहा कि, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। मंच संचालन आरती पांडे एवं दीपक सम्राट ने किया। इस दौरान 100 मीटर दौड़ में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना योगदान दिया।

## शतरंज प्रतियोगिता के अंशुल बने चैंपियन




लोरमी। मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा जीएच रायसोनी मेमोरियल एक दिवसीय रेपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन विकासखंड खेल केंद्र लोरमी में 14 दिसम्बर को किया गया। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन व कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि रवि शर्मा, विशिष्ट अतिथि सूर्यकान्त शर्मा सदस्य, जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में पथरिया, मुंगेली एवं लोरमी से कुल 87 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 5 वर्ष से 51 वर्ष आयु समूह के खिलाड़ी शामिल रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नपा उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल व विशिष्ट अतिथि विजय वर्मा शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 30 हजार रुपए नकद, ट्रॉफी व मेडल्स पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए।

## दिवंगत चौहान को दी गई श्रद्धांजलि



मल्हार। पेंशनर संघ के वरिष्ठ सदस्य दिवंगत मन्नूलाल चौहान 83 वर्ष का निधन होने पर प्रगतिशील पेंशनर संघ ब्लॉक मस्तूरी के अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को पातालेश्वर मंदिर परिसर में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में अकत राम सिन्हा, रघुराज पांडे, ओमप्रकाश पांडे, सुरेश अवस्थी, विशाल सिंह चौहान, ईश्वर गंधर्व अवध नरेश सिंह, दुखीतराम केवट, लाल कुमार केवट शामिल थे।

# साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की नियुक्ति



सरगांव। नगर पंचायत सरगांव के वीर भामा शाह भवन में साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक तहसील अध्यक्ष गोविंद साहू की ओर से आयोजित की गई। बैठक में सरगांव तहसील साहू समाज युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया, जिसमें गोविंद को साहू तहसील अध्यक्ष चुना गया।

■ कृष्णा नगर अध्यक्ष व गोविंद बने तहसील अध्यक्ष

सरगांव के नई तहसील बनने के बाद सामाजिक दृष्टि से पहली बार सरगांव नगर पंचायत सामाजिक तहसील के स्तर पर चुनाव हुए तथा जीते प्रत्याशी ने अपना पद हर ग्रहण किया। इस मौके पर नगर के युवा पार्षद कृष्णा साहू को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही जबकि संजय साहू को उपाध्यक्ष, तुलसी साहू को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष तथा शंकर लाला साहू को तहसील सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में साहू समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें जिला साहू समाज अध्यक्ष पुहुप राम साहू, उपाध्यक्ष विशेष गहन पुनरीक्षण रामखेलावन साहू, तहसील अध्यक्ष गोविंद साहू, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार साहू, नगर अध्यक्ष सुखदेव साहू, रामजुड़वान साहू, चंद्रभूषण साहू, जगनू राम साहू, मनीष साहू तथा पार्षद राकेश साहू, मुकेश साहू, उदित साहू और राहुल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कृष्णा साहू ने नियुक्ति पश्चात कहा कि, यह मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। साहू समाज के युवाओं को सशक्त बनाने और तहसील स्तर पर सामाजिक, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध हैं। इस गठन से स्थानीय साहू समाज में उत्साह का माहौल है, और आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10.12.2025

ग्राम तारबहार के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका तसकीन पिता/ पति शेख सरवर निवासी तारबहार तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के मूल निवासी जो कि अपने पुत्र/ पुत्री तसकीन के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे कार्यालय में दिनांक 29.12.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 16.12.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रतनपुर, दिनांक 15.12.2025
रा.प्र.क्र. .......(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमप्रसाद साय पिता स्व. सिरधे उर्फ सिरधर साय जाति निवासी ग्राम अम्बाकछार तहसील फरसाबहार जिला जशपुर द्वारा अपने माता सनमति बाई पति स्व. सिरधे उर्फ सिरधर साय का मृत्यु दिनांक 08.12.2016 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 31/12/2025 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार सुभाष डे पिता स्व. सुशील डे निवासी-म.नं. 261, फेस-2, कल्चुरी आवास के पस राजकिशोर नगर लिंगियाडीह बिलासपुर तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत व नियुक्त होकर उनके कहे व बताये अनुसार निम्न आशय का आम सूचना पत्र प्रकाशन कराता हूं कि श्री बद्री प्रसाद पिता दशरथ वगैरह निवासी-ग्राम भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा भरनी प.ह.न. 49, रा.नि.म. पेंडारी, तह. सकरी जिला-बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमश: 124/2, 124/4, 125/1, 129/2 रकबा क्रमश: 0.0810, 0.0890, 0.2600, 0.5660 को मेरे पक्षकार के पास बिक्री करने का पक्का सौदा किया जा चुका है तथा कुछ दिनों में लिखित अनुबंध पत्र/इकरारनामा दो गवाहों के समक्ष निष्पादित किया जावेगा, साथ ही उक्त भूमि का शीघ्र ही विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में कराया जावेगा।
अत: कोई भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्थाएं, बैंक अथवा निकाय को उपरोक्त संपत्ति/ भूमि के क्रय विक्रय संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, अपनी आपत्ति 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित एवं दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत की गई दावा आपत्ति शून्य होगा। सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**अनुराग पाण्डेय (अधिवक्ता)**
**कार्यालय-कुर्मी छात्रावास भवन, आर.के. पेट्रोल पंप के सामने सरकंडा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9893903084**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 13/12/2025

ग्राम जूना बिला. के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिला. प.ह.नं.36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.697/45 रकबा 1008 वर्ग फुट हेक्टेयर /एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक /आवेदिका अमर कुमार पिता महेश्वरी सिंह निवासी बदिया द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो मेरे न्यायालय में दिनांक 30/12/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 13/12/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं अंतु रजक उम्र 71 वर्ष पिता/पति साखा राम रजक निवासी-36/23, तोरवा प्रायमरी विद्यालय के पास तोरवा, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नं. 3239 8550 6606 का /की हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता /करती हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का /की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम अंतु रजक है जो कि सत्य एवं सही होकर मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3239 8550 6606 में दर्ज है।
3. यह कि मेरे द्वारा अपने नाम से बैंक खाता खोलवाया गया था जो बैंक ऑफ इंडिया खाता क्रमांक 947010110006356 में मेरा नाम अंतुराम निर्मलकर दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनों नाम अंतु रजक एवं अंतुराम निर्मलकर एक ही व्यक्ति का नाम होकर मेरा ही नाम है।
5. यह कि आगे मुझे मेरा नाम अंतु रजक के नाम से जाने, पहचाने, लिखे तथा संबोधित किये जाने के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित करता/ करती हूँ।

**शपथकर्ता**
**अंतु रजक**

## खबर संक्षेप

### भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन को तोखन ने दी बधाई



**बिलासपुर।** भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन को दिल्ली के बिहार सदन में मिलकर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बधाई दी।

### नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष राठौर ने की मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट




**बिलासपुर।** क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ के निर्विरोध निर्वाचन के पश्चात नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष पवन राठौर ने 15 दिसंबर को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। यह भेंट समाज के लिए गौरवपूर्ण, प्रेरणादायक एवं संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही। इस दौरान श्री राठौर ने मुख्यमंत्री को समाज में हुए निर्विरोध निर्वाचन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज ने पूर्ण एकता और आपसी सहमति के साथ नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। निर्विरोध रूप से गठित कार्यकारिणी में पवन राठौर प्रदेशाध्यक्ष, राजेन्द्र राठौर – महामंत्री, ओमकार राठौर कोषाध्यक्ष नरेंद्र राठौर कार्यकारी अध्यक्ष शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने भविष्य में शासन स्तर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### रामेश्वरम की यात्रा मोटरसाइकिल से करने वाले पं. शुक्ला का स्वागत किया



**बिलासपुर।** अयोध्या से रामेश्वरम की यात्रा मोटरसाइकिल से करने वाले लखनऊ के पं देवेश शुक्ल के बिलासपुर प्रवास पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ ने स्वागत किया। उसलापुर राजघराना कालोनी स्थित मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पं आदित्य त्रिपाठी के निवास पर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने बताया कि श्री राम भक्त पं देवेश शुक्ल अकेले ही कुल 15 हजार किमी की यात्रा करेंगे। वे श्री राम गमनपथ से होते हुए श्री रामेश्वरम पहुंचेंगे। इस यात्रा में वे कुल 249 स्थान पर मंदिर एवं आश्रमों में रात्रि विश्राम करेंगे। इस अवसर पर मंच के अनूप पांडेय, बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत दीक्षित, कमलेश मिश्र, भूषण प्रसाद पांडेय,सुरेन्द्र तिवारी, सिद्धांत दुबे आदि मौजूद थे।

### धौराभाठा में 81 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण, सामाजिक सहभागिता की मिसाल



**बिलासपुर।** पाली विकास खंड के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा में रोटी सेवा बैंक बिलासपुर के तत्वावधान में अध्ययनरत 81 बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति सामाजिक संवेदनशीलता का प्रेरक उदाहरण बना। उक्त सेवा कार्य राजेश चंदवानी, रिमी चंदवानी, सुश्री साक्षी चंदवानी, बी. प्रमिला, अजय सिंधवानी, अशोक मोटवानी एवं सुनीता देवयानी के सामूहिक प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, सचिव रंजिता साहू एवं शुभ्रास्था साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश चंदवानी ने सेवा भाव को समाज की सशक्त नींव बताया। बी. प्रमिला ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुश्री साक्षी चंदवानी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। आभार प्रदर्शन चंद्रकांत साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सरपंच सुशीला जगत, वीरेंद्र जगत, घूर साय रजक, अश्वनी दिनकर, हर प्रसाद डहरिया, मधुलता जायसवाल, रूपेश गोंड, राधे आदि मौजूद थे।

### श्री हनुमंत सखा समिति के सदस्यों ने किया भजन कीर्तन, मांगा आशीर्वाद



**बिलासपुर।** श्री हनुमंत सखा समिति के सदस्यों ने ग्रीन पार्क कॉलोनी में वकील बीपी शर्मा के निवास के पास अमित ठक्कर की मौजूदगी में भजन, कीर्तन और भगवान की आराधना की। इसका उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक शांति और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिए। सदस्यों का कहना है कि भजन क्लम्बिंग से मनाया गया जन्मदिन मन को शांति, जीवन को दिशा और संस्कारों को मजबूती देता है। यही कारण है कि अब कई परिवार इस परंपरा को अपनाने लगे हैं।

### सकरी बटालियन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत दूसरी बटालियन सकरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी ने कैडेटों को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक कर, इसके प्रभावी बचाव के उपायों की जानकारी दी। कैडेटों को एड्स रोग की प्रकृति, इसके फैलने के कारण, प्रारंभिक लक्षण, जांच की प्रक्रिया तथा उपलब्ध उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी/एड्स एक संक्रामक रोग है।

**हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने की मुलाकात** — सेना के कब्जे की जमीन वापस ली जा सकेगी और निर्माण कार्य हो सकेगा संभव

# बिलासा एयरपोर्ट विकास: सीएम ने किया 150 करोड़ के बजट का एलान

**बिलासपुर।** लंबे समय से बिलासा एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट की तर्ज पर निर्माण करने की मांग की जा रही है, इसके लिए फंड का अभाव बना हुआ था, अब इस संबंध में की जा रही हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति की मेहनत रंग लाने लगी है। सीएम विष्णु देव साय ने बिलासा एयरपोर्ट के लिए 150 करोड़ रूपए के अनुपूरक बजट का एलान कर दिया है। इससे सेना के कब्जे की जमीन वापस ली जा सकेगी ओर निर्माण कार्य संभव हो सकेगा।

- 4सी एयरपोर्ट निर्माण का सपना होगा साकार

समिति ने विधायक अमर अग्रवाल मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को मुलाकात की। समिति ने एयरपोर्ट के विस्तार के लिए सेना के कब्जे वाली 1012 एकड़ जमीन के लिए अनुपूरक बजट में 150 करोड़ का आवंटन करने पर उनका आभार व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि इस विषय को लेकर वे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिल चुके हैं, यह मामला अब हल हो जाएगा। सीएम से मुलाकात करने के लिए अमर अग्रवाल और धर्मजीत सिंह ने पहल की थी, लेकिन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की चर्चा में व्यस्त होने के कारण विधायक धर्मजीत सिंह मुलाकात के समय उपस्थित नहीं हो सके।



**समिति ने की है मांग:** जमीन मिलने के बाद रनवे 1500 से 2200 मीटर करने और नए टर्मिनल भवन में 500 यात्रियों की बैठक व्यवस्था करने की मांग की है। इसके साथ ही नए एटीसी टॉवर भी स्थापित करने की मांग की है। समिति ने कहा है कि जबलपुर में 400 करोड़ खर्च कर एयरपोर्ट बनाया गया है इस लिहाज से बिलासा एयरपोर्ट पर 500 करोड़ रूपए खर्च होंगे। समिति ने कहा है कि केंद्र सरकार से एयरपोर्ट विकसित करने के लिए अनुदान मांगा जा सकता है। इस दौरान विधायक अमर अग्रवाल ने क्षेत्र के लिए नई उड़ान की मांग की है।

#### आधारभूत संरचना है जरूरी

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सीएम से कहा है कि तमिलनाडु क्षेत्रफल की दृष्टि से छत्तीसगढ़ से काफी कम है, लेकिन यहां 7 बड़े हवाई अड्डे हैं और 3 अंतर्राष्ट्रीय हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ में महज एक ही बड़ा हवाई अड्डा है। इसी तरह उत्तर पूर्वी राज्यों में भी उड़ने नहीं होने के बाद भी बड़े हवाई अड्डे बनाए गए हैं, इसलिए बिलासा एयरपोर्ट को भी सर्वसुविधा और विकसित एयरपोर्ट बनाने की जरूरत है। आधारभूत संरचना के विकास के बाद ही क्षेत्र में विकास हो सकेगा।

#### प्रतिनिधि दल में यह थे शामिल

समिति के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा से भी मुलाकात कर बिलासा एयरपोर्ट के मामले में सहयोग की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, पुन्नू लाल मोहले, सुशांत शुक्ला का भी सहयोग मांगा। इस दौरान रवि बनर्जी, रामशरण यादव, देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे, बद्री यादव, समीर अहमद, सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे। अनुपूरक बजट में एयरपोर्ट के लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान करने पर पूर्व विधायक रश्मि सिंह सहित अन्य ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है बिलासपुर के लिए हवाई सेवा आवश्यक है। इस प्रावधान से हवाई सेवा में विस्तार होगा।

**एसआईआर : जिले में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737**

# तारीख बढ़ाने के बाद भी 3 लाख 70 हजार से अधिक गणना फार्म जमा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत गणना फार्म भरने की तिथि निर्वाचन आयोग दो बार बढ़ा चुका है। पहली बार 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर और फिर अंतिम तिथि 18 दिसंबर तक कर दी गई थी। अब गणना फार्म जमा करने की दूसरी बार बढ़ाई गई तिथि समाप्त होने जा रही है और अभी भी 3 लाख 70 हजार से अधिक गणना फार्म अप्राप्त हैं। अब तक सिर्फ 13 लाख 4 हजार 821 गणना फार्म जमा हुए हैं।

- अब तक जमा हुए 13 लाख 4 हजार 821 गणना फार्म

जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737 है। इसमें से 13 लाख 4 हजार 821 गणना फार्म जमा हो चुके हैं और उनके डिजिटाईजेशन का काम भी हो गया है। अभी भी 3 लाख 70 हजार से अधिक गणना फार्म अप्राप्त है, जिसमें विभिन्न कारण शामिल हैं। इसमें मृत मतदाता, शिफ्टिंग सहित अन्य कारण से फार्म अप्राप्त बताए जा रहे हैं। एसआईआर तहत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भराने का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था और पहले इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर तय की गई थी। इस दौरान बीएलओं अपने-अपने बूथों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फार्म बांटे और बाद में भरे गए गणना फार्म को वापस जमा कराए हैं। लेकिन निर्वाचन आयोग ने एसआईआर तहत गणना फार्म भराने की तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। कोई मतदाता छूट न जाए इसलिए निर्वाचन आयोग ने दूसरी बार गणना फार्म की तिथि 18 दिसंबर तक बढ़ाई थी। यह तिथि भी अब समाप्त होने जा रही है। जितने मतदाताओं के गणना फार्म जमा होते जा रहे हैं उनका डिजिटाईजेशन का काम होते जा रहा है।



#### बूथों में चस्पा की जाएगी लिस्ट

सभी बीएलओ को सर्वे दौरान जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या मृत पाए गए हैं, उनकी लिस्ट बूथों में चस्पा करना है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार अब उन मतदाताओं की लिस्ट तैयारी की जा रही है, जिनके गणना पत्रक किन्हीं कारणों से जमा नहीं हुए हैं। इनमें अनुपस्थित मिलने या स्थानांतरित होने एवं डुप्लीकेट तथा मृत हो चुके लोग शामिल हैं जिनका फार्म जमा नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर मतदान केन्द्रों या पंचायत भवनों में तथा नगरीय निकाय कार्यालयों में चस्पा किया जाएगा ताकि उस पर दावा-आपत्ति की जा सके।

#### एसआईआर में लगे हैं 3800 कर्मचारी

बिलासपुर जिले अंतर्गत बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें 1815 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ के हिसाब से उतने ही बीएलओ बनाए गए हैं। एसआईआर कार्य में कुल 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों को लगाया गया है। डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म जमा कराने का काम एक तरह से पूरा हो चुका है।

## मानवाधिकारों के प्रावधान भारतीय संविधान की आत्मा: डॉ. भूपेन्द्र



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में 10 दिसंबर अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर विधि विभाग, आंतरिक शिकायत समिति, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डॉ अभिषेक पाठक के स्वागत संबोधन से हुआ।

कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि अधिकार एवं कर्तव्य का सामंजस्य एक सुसंस्कृत, न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है। अधिकार व्यक्ति को स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर प्रदान करते हैं, जबकि कर्तव्य समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हैं। अधिकारों का उपयोग तभी सार्थक होता है, जब उनके साथ कर्तव्यों का सतत पालन किया जाए। केवल अधिकारों की मांग और कर्तव्यों की उपेक्षा सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। कर्तव्यनिष्ठ आचरण से ही अधिकार सुरक्षित रहते हैं और समाज में अनुशासन, समानता, सहयोग तथा पारस्परिक विश्वास की भावना विकसित होती है, जो राष्ट्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. भूपेन्द्र करवन्दे रायपुर ने मानव अधिकारों के वर्गीकरण, उनके ऐतिहासिक विकास तथा वर्तमान अंतरराष्ट्रीय स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों का विकास दीर्घ संघर्षों और संवैधानिक प्रयासों का परिणाम है। मूल अधिकार लोकतंत्र की आत्मा हैं, जिनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक और संस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष डॉ. मनीषा द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रविप्रकाश चौधरी, डॉ. ब्रम्हेश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- सीवीआरयू में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर राष्ट्रीय व्याख्यान

## नई ट्रेड लाइसेंस नीति पर पुनर्विचार की मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू की गई नई ट्रेड लाइसेंस नीति को लेकर व्यापारी वर्ग में असंतोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि यह नीति मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में उनके लिए अतिरिक्त बोझ बनकर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स बिलासपुर ने नई ट्रेड लाइसेंस नीति पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि यह निर्णय व्यावहारिक नहीं है और इससे व्यापारियों की आर्थिक परेशानियां और बढ़ेंगी। वर्तमान समय में छोटे और बड़े सभी व्यापारी आर्थिक मंदी से जूझ रहे है। ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव के कारण पारंपरिक व्यापार पहले ही प्रभावित हो चुका है। व्यापारियों की मेहनत और संघर्ष को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ट्रेड लाइसेंस के विरोध में कलेक्टर को चेम्बर बिलासपुर के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। चेंबर ने ट्रेड लाइसेंस रद्द करने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से दिया। इस अवसर पर चेंबर इकाई अध्यक्ष भागचंद बजाज, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज रोहरा, प्रदेश मंत्री राहूल सोंथालिया, सचिव महितोष सराफ, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मेघानी, सह सचिव राजू धामेचा, उपाध्यक्ष सुरेश सिदारा, तेजपाल सिह, सतीश लाल सहित चेम्बर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एलसीआईटी की भूमिका के प्रोजेक्ट का चयन, 5 लाख रुपए का मिला अनुदान

**बिलासपुर।** एलसीआईटी छत्तीसगढ़ और नेशनल इंस्टीटयूट आपु अर्बन अफेयर्स के बीच अनुबंध किया गया है। इसमें भारत सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के साथ आधिकारिक अनुबंध किया है।

विशेष उल्लेखनीय यह है कि पूरे भारत से केवल 11 प्रोजेक्ट चुने गए हैं। छत्तीसगढ़ से एकमात्र चयनित प्रोजेक्ट डॉ. भूमिका दास का है। इस परियोजना के लिए 5 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया गया है। यह राज्य और एलसीआईटी दोनों के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह महत्वपूर्ण सहयोग भू-जल प्रबंधन, सतत जल संरक्षण और पेरि-अर्बन क्षेत्रों में शोध आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से एलसीआईटी राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन अनुसंधान और क्षमता निर्माण में अपनी भूमिका को और सशक्त करेगा।



संस्थान के चेयरमैन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमेन अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय एवं वाइस प्रिंसिपल शुभी श्रीवास्तव ने डॉ. भूमिका दास को इस प्रतिष्ठित परियोजना के चयन पर बधाई दी। इस उपलब्धि में उनका नेतृत्व, मेहनत और समर्पण प्रमुख रहा है, जिससे एलसीआईटी को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

## श्री गोविंद लाइफ केयर अस्पताल में नए लग्ज़री सूट रूम लॉच

**बिलासपुर।** श्री गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ केयर अस्पताल ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को और उन्नत बनाते हुए हाल ही में 5 नए लग्ज़री सूट रूम लॉच किए हैं।

ये प्रीमियम सूट रूम विशेष रूप से उन मरीजों, कॉरपोरेट पेशेंट्स और परिवारों के लिए तैयार किए गए हैं, जो उपचार के दौरान अधिक स्पेस, आराम और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता महसूस करते हैं। इसका उद्देश्य मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को एक अत्यधिक आरामदायक और निजी माहौल प्रदान करना है। अस्पताल में पहले से मौजूद प्रीमियम सुविधाओं में 3 डिलक्स रूम, 5 हाई डिपेंडेंसी यूनिट बेड और 7 सेमी-प्राइवेट रूम शामिल हैं, जो मरीजों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करती है। इन नई सुविधाओं के जुड़ने से यह अस्पताल अब पहले से भी अधिक सक्षम हो गया है, ताकि मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ आरामदायक और सुरक्षित रहने की व्यवस्था प्रदान की जा सके। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह विस्तार मरीज-केंद्रित सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में भी सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास रहेगा।




हेल्थ प्लस

## दुर्घटना में कुचला चेहरा, डाक्टरों का कमाल 10 प्लेट्स और 35 स्क्रू से जोड़ दी हड्डी

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटना के बाद चेहरा खो चुके युवक को एक बार फिर जीवनदान देते हुए सिम्स के डाक्टरों ने कमाल कर दिया है। दुर्घटना के कारण चेहरा चूर-चूर हो चुका था, सिम्स के आर्थोपेडिक डाक्टरों ने 10 प्लेटस और 35 स्क्रू के सहारे चेहरे की सर्जरी को अंजाम दिया और सफल इलाज कर दिखाया है।

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 19 वर्षीय युवक नाम नंदकुमार पटेल सिम्स में इलाज के लिए भर्ती किया गया। युवक ग्राम मुरली तहसील पाली जिला कोरबा का रहने वाला है। दुर्घटना के कारण युवक का एक तरफ के चेहरे की हड्डियां चकनाचूर हो चुकी थीं, चेहरा पूरी तरह से छत-विछत था। मरीज के दाहिने गाल,आंख के नीचे की हड्डी, दाहिना जबड़ा, दाहिना नीचे का जबड़ा चूर-चूर हो चुका था। डॉक्टर ने जांच शुरू की और चेहरे का सीटी स्केन कराया गया, जिसमें पता चला कि टूटे हुए हड्डी को जोड़ना एक चुनौतीपूर्ण सर्जरी आवश्यकत है। डाक्टरों ने 11 दिसंबर को आपरेशन का निर्णय लिया इस दौरान दुर्घटना के कारण युवक के शरीर में खून की कमी बनी हुई थी, जिसके चलते उसे खून चढ़ाया गया। करीब 7 घंटे आपरेशन चला और युवक एक बार फिर नया चेहरा देने के लिए हड्डियों को 10 प्लेटस और 35 स्क्रू से जोड़ दिया गया। साथ ही इतनी जटिल प्रक्रियाओं के बाद भी युवक के चेहरे पर चीरे के निशान ही हैं।



**डाक्टरों की टीम ने किया आपरेशन:** आपरेशन को सफल बनाने में दंत रोग विभाग, एनेस्थिसिया, रेडियोलॉजी विभाग के डाक्टरों की टीम ने संयुक्त तौर पर काम किया। दंत विभाग के डॉ भूपेन्द्र कश्यप के निर्देशन आपरेशन किया गया। दंत विभाग के विभागाध्यक्ष ओरल एण्ड मैजिलोफिकेशन सर्जन डॉ संदीप प्रकाश, डॉ केतकी किनिकर, डॉ हेमलता राजमनी, डॉ प्रकाश खरे एवं डॉ. सोनल पटेल है। निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मधुमिता मूर्ति, रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह का भी योगदान रहा।

### रेलवे ने बनाया नया ब्रेकवैन नहीं होगी गार्डों को थकान

**बिलासपुर।** रेलवे ने एक ऐसा नया ब्रेकवेन निर्माण किया है, जिसमें ड्यूटी करने वाले ट्रेन मैनेजर यानि गार्डों को अब थकान नहीं होगी। इस ब्रेकवैन का नाम बीवीसीएम वैगन है, जिसे एक वर्ष के अंतराल में 170 से अधिक बनाने का टारगेट रखा गया है। यात्री ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों के ब्रेकवैन जिसमें गार्ड यानि ट्रेन मैनेजर ड्यूटी करते हैं। उसकी हालत काफी खराब है। ब्रेकवैन में गार्डों के लिए बैठने के लिए जगह तो दूर किसी तरह की व्यवस्था नहीं है। सबसे अधिक परेशानियां कर्मचारियों को सामानों को रखने और अन्य कार्यों में होती है। गर्मी के दिनों में ब्रेकवैन में ड्यूटी करना भी मुश्किल हो जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिए रनिंग स्टाफ ने कई बार जोनल, डिवीजन और बोर्ड स्तर पर मांग की है, लेकिन उनकी समस्याओं को अब तक सुधारा नहीं गया है। सालों बाद एसईसीआर बिलासपुर जोन ने पीपी यार्ड भिलाई में ब्रेकवैन के उन्नयन का कार्य शुरु किया है। प्रथम उन्नत बीवीसीएम वैगन को रेलवे ने सोमवार 15 दिसम्बर को सफलतापूर्वक तैयार कर परिचालन हेतु उपलब्ध कराया है। यह कार्य रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत आरएसपी कार्यक्रम के निर्देशानुसार निष्पादित किया जा रहा है। इस परियोजना में एक वर्ष की अवधि में पीपी यार्ड भिलाई की ओर से करीब 170 ब्रेक वैन का उन्नयन किया जाएगा। ब्रेकवैन में उपलब्ध सीमित सुविधाओं की वजह ट्रेन प्रबंधकों को होने वाली शारीरिक थकान को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

## सीयू में रजिस्ट्रार नियुक्त होने के बाद डीआर व एआर की भर्ती प्रक्रिया शुरू

बिलासपुर। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हाल ही रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति हुई है। रजिस्ट्रार के बाद यूनिवर्सिटी ने अब दो डिप्टी रजिस्ट्रार व एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार के अलावा नान टीचिंग के अन्य 6 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है और आनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार सहित डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद खाली पड़े थे। रजिस्ट्रार पद पर पिछले माह ही नियुक्ति हुई है और यूनिवर्सिटी के ही बॉटनी डिपार्टमेंट के प्राध्यापक अश्वनी कुमार दीक्षित को तीन वर्ष के लिए रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फिर से कुछ पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इसमें डिप्टी रजिस्ट्रार के दो पद एवं असिस्टेंट रजिस्ट्रार के एक पद शामिल हैं। इन दोनों ही पदों के लिए पांच वर्षो का अनुभव मांगा गया है। इसके अलावा सीनियर टेक्नीकल असिस्टेंट के एक पद, अपर डिवीजन क्लर्क के एक पद, लोवर डिवीजन क्लर्क के एक पद एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट के एक पद और लैब्रोटरी असिस्टेंट के दो पद के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। इन नान टीचिंग पदों के लिए पिछले बार भी आवेदन मंगाए गए थे और कौशल, लिखित परीक्षा के बाद चयन सूची जारी की गई थी, किन्तु जिस कैटेगिरी के लिए ये पद निर्धारित थे उसमें से योग्य उम्मीदवार नहीं पाए गए थे। इसलिए यूनिवर्सिटी ने डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार पदों के साथ इन पदों के लिए भी फिर से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रही है।

#### पिछले माह जारी हुई थी यूडीसी-एलडीसी चयन सूची

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया तहत चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट पिछहले माह ही जारी हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट इंजीनियर, असिस्टेंट व स्टेनोग्राफर समेत लोअर डिवीजन एवं अपर डिवीजन क्लर्क के पदों पर नियुक्ति आदेश निकाला गया था। इन पदों के लिए करीब चार-पांच महिना पहले लिखित और कौशल परीक्षा हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के रिक्त 53 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके अंतर्गत जुलाई माह में कुछ पदों के लिए लिखित परीक्षा हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा क्लर्क पद पर के लिए था, उसमें भी लोअर डिवीजन क्लर्क एलडीसी में ज्यादा मारामारी थी। एलडीसी 36 पदों के लिए 4 हजार 958 आवेदन आए थे।

## खबर संक्षेप

### सिम्स में पैथोलॉजी पर वर्कशाप आज

**बिलासपुर।** सिम्स के पैथोलॉजी विभाग द्वारा नेविगेटिंग द वर्ल्ड ऑफ पाप फार्म फिचर टू द फ्यूचर विषय पर 17 दिसंबर को वर्कशाप होगी। जिसमें आर्गनाजिंग चेयरमेन के तौर पर एचओडी डॉ बीपी सिंह और सेक्रेटरी के तौर पर डॉ चित्रांगी पी बारपांडे मौजूद रहेगें। वर्कशाप बायोकेमेस्ट्री के 3 फ्लोर में होगी। जिसमें डॉ सुर्पिता नायक, डॉ संगिता रमन जोगी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ हेमलता ठाकुर, डॉ बी हेमलता मुख्य वक्ता होंगे।

### युवक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

**बिलासपुर।** दोस्ती क्यों तोड़ रही हो कहकर युवक ने छात्रा के साथ बेरहमी से मारपीट कर दीवार में पटक दिया। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी एक युवती एलएलबी अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। 15 दिसंबर को सुबह 5.30 बजे उनका दोस्त शिवम वर्मा उनके घर आया और अपने दिए हुए मोबाइल को मांगकर ले लिया। उसके बाद थोड़ी बात करना है कहकर बाइक से हैप्पी स्ट्रीट, अपोलो रोड होते हुए लिंगियाडीह लेकर गया। वहां सुनसान जगह पर बाइक खड़ी कर तू दोस्ती क्यों तोड़ रही है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मारपीट कर सिर को दीवार में पटक दिया। किसी तरह वह उसके चंगुल से छूटकर घर आई और माता पिता को घटना की जानकारी दी। छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

### गलत इलाज का आरोप डाक्टर से झूमाझटकी

**बिलासपुर।** गलत इलाज करने का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा मचाते हुए डाक्टर का कालर पकड़कर झूमाझटकी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, बिल्हा निवासी संजय सोनी के परिवार के एक सदस्य का तबियत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 15 दिसंबर को इलाज के बाद भी स्वास्थ में सुधार नहीं होने पर संजय सोनी अस्पताल में हंगामा मचाने लगा। डा. धीरेन्द्र साहू ने हंगामा मचाने से मना किया तो उसने डा. साहू के साथ गाली गलौज करते हुए कालर पकड़कर झूमाझटकी की। कर्मचारियों के द्वारा बीच बचाव किया गया। पुलिस ने डा. साहू की रिपोर्ट पर हमलावर संजय सोनी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश की रहने वाली एक युवती तारबाहर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। इसी दौरान उनका मुलाकत लोरमी निवासी मोहम्मद मुशलिम खान से जान पहचान हुई। दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक छात्रा के किराए के मकान में मिलने आया और शादी करने की बात कहते हुए जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद दोनों के बीच संबंध स्थापित होने लगे। युवती ने उसे बताया वह तीन माह से गर्भवती हो गई और शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## स्वच्छता में बिलासपुर का नाम, नए प्रोजेक्ट की दी सौगात

**बिलासपुर।** 22 महीने 21 दिन शहर में आयुक्त ननि और एमडी स्मार्ट सिटी के तौर पर अपनी सेवा देकर सुकमा कलेक्टर बनाए गए आईएएस अमित कुमार के खातों में कई उपलब्धियां शामिल हो गई है,जो आने वाले समय में बिलासपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।



■ महीने में विकास कार्यों को गति देने का पूरा प्रयास: कमिश्नर

बिलासपुर को स्वच्छता समेत कई राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाना, स्मार्ट सिटी की योजनाओं को पूर्ण करना ,सरकारी जमीनों से अतिक्रमण को हटाना,राजस्व में रिकार्ड वृद्धि,शहर के मुख्य मार्गों में स्ट्रीट लाइटों का सुचारू संचालन,नई सड़कों का निर्माण,पुराने अधूरी योजनाओं को पूरा करने, नए क्षेत्रों में विकास कार्य प्रारंभ करने और अरपा रिवर फ्रंट को मूर्त रूप देने कमिश्नर अमित कुमार ने प्रयास किए। इसके अलावा राजस्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए निगम ने पिछले वित्तीय वर्ष में पहली बार 100 करोड़ वसूली का आंकड़े को छूआं। दरअसल मंगलवार की शाम शासन ने आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। इसमें बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार को सुकमा जिले का कलेक्टर बनाया गया। उनके स्थान पर सारंगढ़ -बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2019 बैच के आईएएस प्रकाश सर्वे नगर निगम बिलासपुर के नए आयुक्त बनाए गए हैं।

### एजुकेशन हब,फ्लाई ओवर सिटी 2.0 जैसे प्रोजेक्ट मिले

निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक शहर को एजुकेशन हब की सौगात मिली है जिसमें 100 करोड़ की लागत से मधुबन में 13 एकड़ में एजुकेशन हब बनाया जा रहा है। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना सिटी 2.0 में बिलासपुर का चयन हुआ। पीएम ई बस सेवा में भी बिलासपुर का चयन निगम कमिश्नर अमित कुमार के कार्यकाल में हुआ जिसके तहत बिलासपुर नगर निगम को 50 ई बस मिलने वाली है। ई सिटी बस टर्मिनल तैयार किया जा रहा है।

## बिलासपुर को स्वच्छ, सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता

**बिलासपुर।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ 2019 बैच के आईएएस प्रकाश सर्वे नगर निगम बिलासपुर के नए आयुक्त बनाए गए हैं। हरिभूमि ने उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वे गुरुवार को बिलासपुर में ज्वाइन करेंगे।



■ नव नियुक्त निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने हरिभूमि से कहा

श्री सर्वे की पोस्टिंग इससे पहले कभी भी बिलासपुर में नहीं रही। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को स्वच्छ, सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता होगी। लोगों को सड़क, पानी, नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। पूरे शहर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और सभी के सहयोग के साथ काम किया जाएगा। नव नियुक्त निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा कि लोगों की समस्या को कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि वह शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करें,जिससे लोगों को आफिसों के चक्कर बार-बार न लगाने पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहेगा।

### सभी के साथ मिलकर काम करेंगे

नव नियुक्त निगम आयुक्त श्री सर्वे ने कहा कि वे प्रशासन, जनता और अन्य विभागों के साथ सहयोग से काम करने को प्राथमिकता देंगे, ताकि शहर के विकास खासकर मूलभूत सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में सुधार हो सके और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि वे अकेले काम करने के बजाय सभी विभागों और नागरिकों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे। नागरिकों और उनकी समस्याओं को समझना और उनके साथ मिलकर समाधान खोजने का प्रयास होगा।

### सवा चार लाख अनुमानित कीमत, मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई

# पांच संस्थानों में छापा, 139 क्विंटल अवैध धान जब्त



कार्रवाई दौरान उपस्थित जांच टीम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छापामार अभियान के अंतर्गत जिले की टीम ने पांच किराना दुकानों से अवैध भंडारण कर रखा गया 139 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त धान की अनुमानित कीमत सवा चार लाख के करीब बताई गई है। उक्त धान किसानों से सस्ती दरों पर खरीदकर समितियों में खपाने के उद्देश्य से खरीदा गया था, लेकिन इससे पहले ही जब्त कर लिया गया।

अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरूद्ध प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को पांच स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 138.50 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। जब्त किये गये धान की कीमत सवा चार लाख रूपए से ज्यादा है। संयुक्त जांच दल द्वारा कृषि उपज मंडी समिति तखतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरौटीकापा के जितेन्द्र साहू के संस्थान से 30 क्विंटल, गोबंद के सीताराम साहू से 30 क्विंटल, ग्राम सकरा के अमर दास मानिकपुरी के संस्थान से 20 क्विंटल तथा कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर क्षेत्र अंतर्गत दिव्या किराना स्टोर ग्राम जुनवानी के संस्थान से 32 क्विंटल धान एवं ग्राम बिनोरी के राम जी चतुर्वेदी के संस्थान से 26.50 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।

इन संस्थानों से कुल 138.50 क्विंटल धान का अवैध स्टॉक पाये जाने पर खाद्य एवं मंडी विभाग के द्वारा मंडी अधिनियम के अंतर्गत जब्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि बचौलियों द्वारा गलत तरीके से खरीदा गया धान किसी भी हालत में उपार्जन केंद्रों तक नहीं पहुंचने चाहिए। इससे पहले ही छापामार अभियान चलाकर ऐसे धान की जब्ती की जाए। जिले में धान खरीदी के अंतिम दिवस तक इस तरह का छापामार अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### अधिया वाले किसानों से मिलता है धान

किराना दुकानों में इन दिनों अवैध तरीके भंडारित धान ऐसे किसानों के हैं, जिन्होंने अधिया या ठेका लेकर खेती की है। इन किसानों के पास पर्ची उपलब्ध नहीं होती, जिससे न तो ये सहकारी बैंकों में धान बेचने के लिए अपना पंजीयन करा पाते और न ही बेच पाते हैं। ऐसे में इन किसानों का धान किराना व्यवसायी औने पौने दाम में खरीदकर सहकारी समितियों में खपाकर मोटी रकम कमा लेते हैं।

### की गई है कार्रवाई

छापामार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पांच संस्थानों से अवैध भंडारित 139 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। बिचौलियों द्वारा किसानों का गलत तरीके से खरीदा गया धान किसी भी स्थिति में समर्थन मूल्य पर बेचने नहीं दिया जाएगा।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

### 28 लाख 50 हजार रुपए की धान खरीदी में हेराफेरी

मस्तूरी एरमसाही धान खरीदी केंद्र में 920 क्विंटल धान खरीदी में हेराफेरी कर 28 लाख 50 हजार रुपए गबन कर लिया गया है। पुलिस ने कम्प्यूटर आपरेटर को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी

■ कम्प्यूटर आपरेटर गिरफ्तार

मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मस्तूरी शाखा प्रबंधक सुनील कुमार पनारे पिता के आर पनारे ने रिपोर्ट लिखाई। सेवा सहकारी समिति मर्यादित एरमसाही के पंजीयन क्रमांक 687 के धान खरीदी केंद्र के कम्प्यूटर आपरेटर एरमशाही निवासी कांशीराम खुटे पिता अंजोरी खुटे के द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में धान खरीदी कार्य में अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। उक्त प्रकरण में संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत 920 क्विंटल खान समिति केंद्र में कम पाया गया है। जो खरीफ विपणन वर्ष 2025 की जारी धन उपार्जन निति का उल्लंघन कर कम्प्यूटर आपरेटर के द्वारा जानबुझ कर फर्जी धान खरीदी की गई है। जिससे समिति को 920 क्विंटल धान जिसकी कीमत 28 लाख 52 हजार रुपए की शासन को आर्थिक क्षति पहुंची है। पुलिस ने श्री पनोरे की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी कम्प्यूटर आपरेटर कांशीराम खुटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### हथियार लहराते वीडियो बनाकर किया वायरल

## दहशत फैलाने वाले नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपसी विवाद में घर में घुसकर चाचा भतीजे के साथ जमकर मारपीट की गई। उसके बाद हमलवरों ने घातक हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दहशतगर्दी मचाई। पुलिस ने नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर घातक हथियार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को पैदल घूमाकर जुलूस निकाला गया है।



■ पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 15 दिसंबर को राम मंदिर चौक निवासी शुभम श्रीवास का चांद खान से विवाद हो गया। इस पर रात 11 बजे चांद खान अपने साथियों के साथ धारदार हथियार से लैस होकर दहशतगर्दी मचाते हुए घर में घुसकर शुभम श्रीवास व उसके चाचा के साथ जमकर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया है। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उसके बाद हमलावरों ने पड़ावपारा काली मंदिर के पास घातक हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न करने का प्रयास किया। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियों को गंभीरता से लेते हुए दहशतगर्दो को पकड़कर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद कोटा पुलिस हरकत में आई और दहशतगर्दो के पतासाजी में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हमलावर चांद खान पिता बरसाती खान 21 साल पड़ावपारा व एक नाबालिग को पकड़ लिया है। उनके पास से दो तबली, लोहे का पाइप, चैन स्प्रोकेट सहित अन्य घातक हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने शुभम श्रीवास की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 333, 296, 351, 2, 115, 2, 191, 2 व 25 , 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद पुलिस आरोपी की कोटा क्षेत्र में पैदल घूमाकर जुलूस निकाला गया है।

### हुड़दंग मचाने और चोरी करने वाले आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों व स्टेशनों में हुड़दंग मचाकर अशांति फैलाने वाले आरोपियों को आरपीएफ ने पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्टेशन पर आराम कर रहे यात्री का मोबाइल चोरी के मामले में जांच करते हुए आरोपी दुर्ग निवासी मुकेश बघेल उर्फ मुक्कू 22 साल को पकड़ा, जिसे पकड़ने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा ट्रेन नम्बर 12106 विदर्भ एक्सप्रेस में जेबकतरी का प्रयास करने के आरोप में आरोपी राजेश बनसोड़ 20 साल को पकड़ा गया है। वहीं ट्रेन व स्टेशन में हुड़दंग करने के मामले में कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस में आरोपी दुर्ग निवासी शुभम ठाकुर, राजाराव, मोनू ठाकुर, विक्की देवदास को पकड़ा गया है।

## बिना अनुमति गार्ड रूम व अवैध निर्माण पर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने मंगलवार को शहर में दो जगहों पर अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की। एक जगह रोड गार्डन की जमीन पर बन रहे गार्ड रूम को ध्वस्त किया गया। जबकि दूसरी जगह अनुमति के विपरीत किए गए निर्माण को हटाया गया।

■ नर्मदा नगर और ग्रीम पार्क कालोनी में चला निगम का बुलडोजर

भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी ने बताया कि नर्मदा नगर में प्रार्थना चौधरी द्वारा बिना अनुमति के निर्माण कराया जा रहा था। पड़ोसी अमित शुक्ला की शिकायत पर प्रार्थना चौधरी को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बावजूद, उन्होंने उस स्थान पर निर्माण के लिए ढलाई शुरू करने का प्रयास किया था, जिसे नक्शे में खुला छोड़ा गया था।

जानकारी मिलने के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण को बुलडोजर से हटा दिया गया। इसी तरह दूसरी कार्रवाई ग्रीन पार्क कॉलोनी में की गई, जहां रोड गार्डन की जमीन पर अवैध रूप से गार्ड रूम का निर्माण किया जा रहा था। इस अतिक्रमण को भी हटा दिया गया। यह अतिक्रमण रैनी एस गिर और मधुलिका लाल की ओर से किया गया था।



अवैध निर्माण तोड़ता नगर निगम का अमला।

### 300 से अधिक लोगों को नोटिस

भवन शाखा अधिकारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण के हजारों मामले लंबित हैं। पिछले दो महीनों में भवन अनुज्ञा शाखा और जोन कार्यालयों ने अवैध निर्माण के संबंध में 300 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा नगर निगम की ओर से अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए पिछले गुरुवार से एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसे 'राजीनामा सुनवाई' नाम दिया गया है। पहले गुरुवार की सुनवाई में 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 22 प्रकरण राजीनामा के योग्य पाए गए।

### निकलेगी शोभायात्रा आज, बदला गया रूट

**बिलासपुर।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा सतनाम भवन महंत बड़ा, गुरु घासीदास नगर जरहाभाटा से शोभायात्रा रैली निकाली जाएगी। यह रैली राजीव गांधी चौक से होते हुए शहर भ्रमण कर महाराणा प्रताप चौक से महंत बड़ा पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान महाराणा प्रताप चौक से राजीव गांधी चौक की ओर जाने वाली यातायातः- परिवर्तित मार्ग रिंग रोड 2 एवं व्यापार विहार रोड, महामाया चौक से नेहरू चौक की आने वाले यातायातः- रामसेतु चौक की ओर, गांधी चौक से कोतवाली चौक की ओर जाने वाली यातायातः- ज्वाली पुल शनिचरी की ओर से, पुराना बस स्टैंड से तेलीपारा की ओर से आने वाले यातायात शिव टॉकीज चौक की ओर एवं अग्रसेन चौक से बस स्टैंड की ओर आने वाली यातायात श्रीकांत वर्मा मार्ग सीएमडी चौक की ओर प्रकार सत्यम चौक, अग्रसेन चौकी ओर से जाने वाले यातायात इमली पारा रोड मगरपारा रोड अग्रसेन चौक की ओर से परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर कर सकेंगे।

## फर्जी लोन की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**बिलासपुर।** एसबीआई के कृषि विकास शाखा व्यापार विहार के शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी कर दूसरे के नाम पर लोन निकालने की शिकायत कलेक्टर के जनदर्शन में की गई है। कलेक्टर इसकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी।

उन्होंने उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में आज मल्हार के दशरथ लाल श्रीवास ने कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत की कि एसबीआई के कृषि विकास शाखा व्यापार विहार के शाखा प्रबंधक द्वारा धोखाधड़ी कर उनके नाम पर लोन निकाल लिया गया है। कलेक्टर ने इस मामले को लीड बैंक ऑफिसर को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगोई के सरपंच द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में हो रहे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। सरपंच ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत नगोई में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को मामले को सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। शहर के सुशील कुमार केंवट ने दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि दिलाने की गुहार लगाई।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## सजा दिलाने डिजिटल-फोरेंसिक बड़ा हथियार : आईजी

**बिलासपुर।** जिले में एक दिवसीय रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला में बिलासपुर रेंज के 8 जिलों के राजपत्रित अधिकारियों, विवेचक , रेंज साइबर थाना के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राज्य फारेंसिक प्रयोगशाला छत्तीसगढ़ रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा विक्रांत सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा आधुनिक युग में अपराध एवं अपराधी दोनों डिजिटल हो गए। विवेचना में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य महत्वपूर्ण है। आईजी डा संजीव शुक्ला ने कहा गया कि राज्य न्यायालयीक प्रयोगशाला रायपुर सेन्ट्रल इंडिया का अकेला लैब है जिसे सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79 क का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। अब यह डिजिटल फोरेंसिक लैब में विशेषज्ञ के रूप में नामित हो गया है। जिस कार्य के लिए हमे चंडीगढ़ एवं भोपाल पर निर्भर रहना पड़ता था अब यह सभी कार्य एफ.एस.एल. रायपुर से हो सकेंगे। अब मोबाईल फोन स्मार्टफोन टैबलेट आदि उपकरणों से डेटा रिट्रीव करना डेटा का विश्लेषण करना विभिन्न इलेक्ट्रानिक प्रदर्शो से प्राप्त डेटा के बीच कनेक्शन स्थापित करना क्लाउड डेटा रिट्रीव करना डैमेज मोबाईलों के डेटा को संरक्षित रखते हुए पासवर्ड ब्रेक करना डिलीट किए हुए डेटा को रिट्रीव करना और भी सरल हो गया। अब मौखिक साक्ष्य पर निर्भर नहीं रह सकते । इसके लिए उपलब्ध डिजीटल फोरेंसिक तथा रेगुलर फोरेंसिक का अधिकतम उपयोग करना है।




■ राज्य फारेंसिक प्रयोगशाला वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा विक्रांत ने दिया प्रशिक्षण

अपराध को नियंत्रित करने का तरीका है अपराधी को सजा दिलाना तथा पुलिस का मूल्यांकन का आधार भी अधिकतम अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाने के आधार पर होगा। जिसके लिए इलेक्ट्रानिक फोरेसिक बडा हथियार है जिसका अधिकतम उपयोग किया जाना है। कार्यशाला में मधुलिका सिंह, राजेन्द्र जायसवाल, दीपमाला कश्यप, डॉ अर्चना झा, हरीश यादव, निमिषा पाण्डेय नवनीत कौर छाबड़ा, डा. विक्रांत सिंह ठाकुर, डा रवि चंदेल आदि मौजूद थे।

